मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-03
01/01/2025

मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर 2025 का किया लोकार्पण

पटना, 01 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर 2025 का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 उदय कांत, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री पी0एन0 राय, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री कौशल किशोर मिश्रा, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री नरेन्द्र सिंह, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री प्रकाश कुमार, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मो0 वारिश खान, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेष कार्य पदाधिकारी मो0 मोईजुद्दीन एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******